मध्य प्रदेश में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र

810. **श्री अजीत जोगी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान खोले गये ऐसे केन्द्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस अवधि के दौरान उन पर कितनी धनराशि खर्च की गयी?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) अनौपचारिक शिक्षा की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत इस विभाग ने मध्य प्रदेश में 35,965 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को संस्वीकृत किया है।

(ख) और (ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस विभाग ने 1300 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को चलाने के लिये इस राज्य में 19 स्वैच्छिक संगठनों के 132.16 लाख रु० की राशि प्रदान की है।

UGC Assistance to Rajasthan Colleges and Universities

811. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HUMAN RESOUECE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that financial assistance is being provided by UGC to the colleges and universities for improvement in teaching and research under special assistance programmes in various States;

(b) if so,the details thereof, including computer education;

(c) whether colleges/Universities in Rajasthan, particularly in Jaipur and Jodhpur, have been provided financial assistance during the last two years, if so, the details thereof; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (d) the information is being collected and will be laid on the Table of the House.

तकनीकी शिक्षा की निगरानी

812. **श्री नरेन्द्र मोहन:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में तकनीकी शिक्षा के स्तर पर संतुलन बनाए रखने के लिये कोई ठोस योजनाएं या नीतियां तैयार की गयी हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारत में दी जा रही तकनीकी शिक्षा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दी जा रही तकनीकी शिक्षा में किस सीमा तक समानताऐं है और भारतीय तकनीकी शिक्षा में पायी गयी त्रुटियों का क्या ब्यौरा है;

(ग) क्या तकनीकी शिक्षा के स्तर की निगरानी के लिये कोई विशेष एकक स्थापित किया गया है या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई विशेष जांच की है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त जांच कब करायी गयी थी और उसके क्या निष्कर्ष हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (घ) पूरे देश तकनीकी शिक्षा प्रणाली की समुचित आयोजना तथा समन्वित विकास, सुनियोजित मात्रात्मक विकास के संबंध में ऐसी शिक्षा में गुणात्मक सुधार को बढ़ावा देने और तकनीकी शिक्षा प्रणाली के मानदंडों वे मानकों के विनियमन तथा समुचित रख-रखाव के विचार से तथा उससे जुड़े मामलों के लिये संसद के अधिनियम द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का 1987 में